आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 21.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अटल पेंशन योजना को वर्ष 2030–31 तक जारी रखने को मंजूरी दी।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गीता प्रेस की पत्रिका 'कल्याण' को भारतीय सांस्कृतिक चेतना का मजबूत आधार बताया।
- जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में नगरासू में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने निर्माणाधीन जमरानी और सौंग बांध परियोजनाओं की समीक्षा की। निर्धारित समय सीमा पर परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अटल पेंशन योजना को वर्ष 2030–31 तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ करोड़ 66 लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं। आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह फैसला लिया गया। अटल पेंशन योजना, मई 2015 में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। यह योजना 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, यह लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है।
केंद्र मंत्रिमंडल ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक– सिडबी को पांच हजार करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता को भी मंजूरी दी है। इससे 25 लाख 74 हजार से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्योगो से जुड़े लाभार्थियों को फायदा मिलने की आशा है।

गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गीता प्रेस की पत्रिका 'कल्याण' को भारतीय सांस्कृतिक चेतना का मजबूत आधार बताया। श्री शाह आज ऋषिकेश में गीता प्रेस की ओर से प्रकाशित प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रिका 'कल्याण' एक प्रकार से ज्ञान की सनातन ज्योति को हर वाचक तक पहुंचाने का प्रयास किया है। श्री शाह ने कहा कि सनातन चेतना का जो उत्सव आज देश में दिखाई पड़ रहा है, कल्याण पत्रिका ने हर संकट में भारतीय संस्कृति के दीप को जलाए रखने का काम किया है।
गौरतलब है कि गृह मंत्री अपने दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं। वे कल हरिद्वार में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

सड़क सुरक्षा रैली

सड़क सुरक्षा माह के तहत आम जनमानस को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय में बाइक रैली निकाली गई। यातायात पुलिस के नेतृत्व में बाइक रैली में शामिल पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने शहर के मुख्य मार्गों पर जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान इंटरसेप्टर वाहन में लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से आम लोगों, व्यापारियों और राहगीरों से यातायात नियमों

का पालन करने की अपील की गई। रैली के समापन पर यातायात निरीक्षक कैलाश शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक महीने का अभियान नहीं है, बल्कि यह जीवन भर अपनाई जाने वाली जिम्मेदारी है।

जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज रुद्रप्रयाग जिले की न्याय पंचायत मरोड़ा के नगरासू में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित इन शिविरों से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही संभव हो रहा है।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से 330 से अधिक ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया गया। वहीं 105 से अधिक जनसमस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारणर किया गया।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सिंचाई विभाग द्वारा निर्माणाधीन जमरानी और सौंग बांध परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में इन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि इस संबंध में सभी निविदा और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं से प्रभावितों का पुनर्वास, मुआवजा और आवंटन कार्य आपसी तालमेल और विश्वास में लेकर करने के लिए लगातार संवाद जारी रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के सचिव युगल किशोर पंत ने बताया कि 3 हजार 678 करोड़ रुपए से अधिक लागत की जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना को जून 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा। जबकि दो हजार 524 करोड़ रुपए से अधिक लागत की सौंग बांध परियोजना का निर्माण कार्य नवम्बर 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा।

हेल्पलाइन पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन शीघ्र ही जन–समस्याओं के निस्तारण के लिए हेल्पलाइन नंबर– हैलो पिथौरागढ़ जारी करेगा। इसके जरिए जिले के नागरिक सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रशासन तक दर्ज करा सकेंगे। हेल्पलाइन नम्बर शुरू होने से लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि हेल्पलाइन पर आने वाली प्रत्येक शिकायत की नियमित निगरानी की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

कपड़े बैग

टिहरी जिले की नगर पंचायत घनसाली ने होटल स्वामियों के सहयोग से आज पर्यटकों को कपड़े के बैग वितरित किए। साथ ही पर्यटकों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक उपयोग को न्यूनतम करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और स्वच्छ पर्यटन की अवधारणा को सुदृढ़ करना है। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।